राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

मंहगाई हटाओ रैली में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने कांग्रेस नेता श्री राहुल गॉंधी को शंख भेंट कर मोदी हटाओ-मंहगाई घटाओ 2024 का शंखनाद किया

जयपुर 12 दिसम्बर। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा जयपुर में आयोजित मंहगाई हटाओ रैली में उपस्थित जनसमूह तथा भाग ले रहे देशभर के कांग्रेस नेताओं का स्वागत करते हुए राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने कहा कि राजस्थान लोक देवता गोगाजी महाराज, बाबा रामदेव जी, महाराणा प्रताप तथा वीर पीरू सिंह जी की पावन धरती पर कांग्रेस अध्यक्षा श्रीमती सोनिया गॉंधी, कांग्रेस नेता श्री राहुल गॉंधी एवं कांग्रेस महासचिव श्रीमती प्रियंका गॉंधी का राजस्थान प्रदेश के कांग्रेसजन एवं लोगों की ओर से मैं स्वागत करता हूँ। उन्होंने कहा कि राजस्थान की धरती आदिवासियों के मसीहा गोविन्द गिरी जी, देश में पहले किसान आन्दोलन के अगवा श्री विजय सिंह पथिक की कर्मभूमि है। उन्होंने कहा कि राजस्थान की वीर भूमि पर केन्द्र सरकार की गलत नीतियों के कारण बढ़ती मंहगाई के विरूद्ध रैली की आयोजित करने की अनुमति प्रदान कर कांग्रेस अध्यक्षा श्रीमती सोनिया गॉंधी ने राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी प्रदान की जिसके लिये सभी कांग्रेसजन आभारी हैं। उन्होंने कहा कि भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू ने राजस्थान से ही पंचायत राज की स्थापना देश में की जो कि देश के विकास का एक सशक्त माध्यम साबित हुआ। उन्होंने कहा कि राजस्थान में ही पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्रीमती इंदिरा गॉंधी ने प्रथम परमाणु परीक्षण कर देश की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ किया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्षा श्रीमती सोनिया गॉंधी ने राजस्थान से ही देश में आधार कार्ड योजना का शुभारम्भ किया था। उन्होंने कहा कि आज मंहगाई हटाओ रैली के आयोजन के साथ ही देश में फिर एक नई शुरूआत हुई है जिसकी परणिति में वर्ष 2024 में देश की जनता मोदी सरकार को सत्ता से हटा देगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासन में जो जनहित के निर्णय लिये गये उनमें खाद्य सुरक्षा योजना तथा नरेगा जैसी महत्वपूर्ण योजना लागू कर देश की जनता को लाभान्वित किया गया था। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार देश के किसानों पर अत्याचार कर रही है तथा मंहगाई रोकने में विफल रहकर आम जनता के साथ अन्याय कर रही है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने अगर कोई कार्य किया है तो केवल संवैधानिक संस्थाओं को नष्ट करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि एनडीए की सरकार हमेशा किसान विरोधी रही है तथा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी पदभार सम्भालते ही भूमि अधिग्रहण कानून के संशोधन को लागू करने का प्रयास किया जिसे श्री राहुल गॉंधी जी की अगुवाई में चले

2.........

Created by Universal Document Converter

आन्दोलन के कारण केन्द्र सरकार को वापस लेना पड़ा। उन्होंने कहा कि श्रीमती सोनिया गाँधी एवं श्री राहुल गाँधी ने मंहगाई हटाओ रैली के माध्यम से जिस मुहिम् को प्रारम्भ किया है उसमें राजस्थान के कार्यकर्ता अपेक्षाओं पर खरा उतरने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने कांग्रेस अध्यक्षा श्रीमती सोनिया गाँधी एवं कांग्रेस नेता श्री राहुल गाँधी का स्वागत करते हुए कहा कि जयपुर में आयोजित मंहगाई हटाओ रैली ऐतिहासिक है क्योंकि पहली बार दिल्ली के बाहर कोई राष्ट्रीय रैली हो रही है। उन्होंने कहा कि मंहगाई का मुद्दा देश के घर-घर, गरीब, दलित, आदिवासी, मध्यमवर्गीय लोगों का है क्योंकि इसी वर्ग पर सर्वाधिक मंहगाई की मार पड़ रही है। उन्होंने कहा कि आज इस रैली के मध्य जो माहौल हम देख रहे हैं, ऐसा ही माहौल केन्द्र सरकार के विरूद्ध पूरे देश में है। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश देख रहा है कि केन्द्र सरकार के कुशासन का मुकाबला यदि कोई कर रहा है तो केवल श्री राहुल गाँधी कर रहे हैं जो केन्द्र सरकार के जनविरोधी निर्णयों नोटबंदी, जीएसटी एवं किसानों के विरूद्ध लाये गये तीनों काले कृषि कानूनों के खिलाफ जनता की आवाज से बनकर केन्द्र सरकार से लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान की केन्द्र सरकार लोकतंत्र विरोधी है तथा फासिस्टवादी विचारधारा की है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा संवैधानिक संस्थाओं को नष्ट किया जा रहा है, ईडी, इनकम टैक्स, न्यायपालिका पर दबाव डाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद यह पहली सरकार है जिसके शासन में किसानों को अपनी मांग मनवाने के लिये एक वर्ष तक सड़कों पर बैठकर आन्दोलन करना पड़ा तथा प्रधानमंत्री को अपने गलत निर्णय के लिये देश से माफी मांगनी पड़ी। उन्होंने कहा कि पेट्रोल, डीजल व रसोई गैस के दाम बढ़ना चिंता का विषय है जिस पर सभी को मंथन कर केन्द्र सरकार की नीतियों को समझना होगा। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा राज्यों को कमजोर किया जा रहा है जबकि चिकित्सा, शिक्षा, पानी, बिजली एवं विकास कार्यों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी राज्यों पर होती है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा पेट्रोल व डीजल पर लगने वाली एक्साईज ड्यूटी जिसमें राज्यों का हिस्सा होता है को कम कर न्यूनतम कर दिया गया है तथा स्पेशल एक्साईज, एडिशनल एक्साईज लगाकर केन्द्र सरकार अपना खजाना भर रही है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की गलत नीतियों के कारण राज्य सरकारें वित्तीय संकट का सामना कर रही है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के भेदभावपूर्ण रवैये के बावजूद राजस्थान सरकार ने कोरोना महामारी के दौरान शानदार प्रबंधन किया तथा सभी प्रदेशवासियों के सहयोग से कोई भूखा ना सोये, के संकल्प को पूर्ण किया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार महामारी काल में राजस्थान सरकार ने प्रदेशवासियों की सेवा की है उसी प्रकार आगे भी जनता की सेवा करने हेतु हम कृत संकल्प हैं।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter